16

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 215/2021

पवन यादव, गांव मदनसर, पंचायत गादली, पो0 बडबर, तहसील बुहाना, जिला झुंझुनूं (राजस्थान)
पिन कोड 333502

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 27.10.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 11.10.2021 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 215/2021 पर दिनांक 12.10.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2021/ 3329–30 दिनांक 14.10.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना ने पत्रांक 3934 दिनांक 26.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि श्री पवन यादव ग्राम मदनसर पंचायत गादली द्वारा इस कार्यालय से चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 3352 दिनांक 08.09.2021 द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना पत्रांक 3934 दिनांक 26.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि श्री पवन यादव ग्राम मदनसर पंचायत गादली द्वारा उनके कार्यालय से चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 3352 दिनांक 08.09.2021 द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। आवेदक द्वारा सूचना प्राप्त कर हस्ताक्षर किये गये है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नही होने से खारिज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 27.10.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं